4. ऋणग्रस्तता एवं व्यावसायिक-संरचना के संबंध में प्राप्त तथ्यों के अनुसार कृषि एवं व्यवसाय में संलग्न लगभग सभी आदिवासी ऋण लेते हैं। मजदूरी करने वाले 92 प्रतिशत से अधिक आदिवासी ऋणग्रस्त हैं। दूसरी ओर नौकरी करने वाले सबसे कम (16.67%) आदिवासी ऋण लेते हैं। इसका एक महत्वपूर्ण कारण आय की निश्चितता है, जिसके परिणामस्वरूप कम लोगों द्वारा ऋण लिया जाता है। इस विश्लेषण से यह स्पष्ट है कि सर्वाधिक आदिवासी वर्ग का मुख्य व्यवसाय कृषि कार्य है और कृषि क्षेत्र में घटते लाभ के कारण उन्हें अपनी जरूरतों को पूर्ण करने में अनेक कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है।

5. विभिन्न व्यावसायिक-गतिविधियों में संलग्न आदिवासियों के ऋण लेने के स्त्रोंतो के संबंध में प्राप्त आंकड़ों के अनुसार लगभग 59 प्रतिशत आदिवासी साहूकारों से ऋण प्राप्त करते है तथा 36 प्रतिशत सरकारी संस्थाओं से एवं लगभग 6 प्रतिशत आदिवासी आवश्यकता होने पर अपने रिष्तेदारों से भी ऋण लेते है। व्यावसायिक वर्गीकरण के अनुसार कृषि करने वाले सर्वाधिक (56.12%) आदिवासी साहूकारों से ऋण लेते है तथा सरकारी संस्थाओं से ऋण लेने वाले आदिवासी कम है। दूसरी ओर विभिन्न व्यवसायों में संलग्न लोग भी सरकारी संस्थाओं की तुलना में साहूकारों एवं अपने रिष्तेदारों से ऋण लेते हैं, वहीं मजदूरी करने वाले सर्वाधिक आदिवासी (58.29%) भी आवश्यकता होने पर साहूकारों से ही ऋण लेते हैं। इसके साथ ही वे अपने निकट संबंधियों से भी ऋण प्राप्त कर लेते हैं। नौकरी में सेवारत परिवार के लोग ऋण हेतु पूर्णत: सरकारी संस्थाओं पर निर्भर होते है।

6. विभिन्न आर्थिक कार्य करने वाले आदिवासियों द्वारा ऋण लेने के कारणों के संबंध में प्राप्त समंकों के अनुसार ऋण लेने वाले सर्वाधिक आदिवासी (66.85%) कृषि संसाधनों के क्रय हेतु ऋण लेते है। इन कृषि संसाधनों में कुँआ खुदवाना, मोटर पंप लगवाना, अच्छे खाद एवं बीज का क्रय करना, अच्छी कीटनाशक का उपयोग करना आदि शामिल है। इसके साथ ही लगभग 24 प्रतिशत आदिवासी पारिवारिक कार्यों की पूर्ति के लिए ऋण लेते हैं। इन पारिवारिक कार्यों में खान-पान की उचित व्यवस्था, मकान बनाना, बच्चों की शिक्षा एवं विवाह आदि शामिल है। 10 प्रतिशत आदिवासी सामाजिक कार्यों जैसे समाज के कार्यक्रमों में मदद करना, मृत्यू भोज आदि की पूर्ति के लिए भी ऋण लेते है। कृषि करने वाले सर्वाधिक लोग कृषि संसाधनों के लिए ऋण लेते हैं, वहीं मजदूरी एवं विभिन्न व्यवसायों में संलग्न सर्वाधिक आदिवासी पारिवारिक एवं सामाजिक कार्यों के लिए ऋण लेते है।

उपसंहार – अध्ययन क्षेत्र से प्राप्त आंकड़ों के विश्लेषण के आधार पर प्राप्त निष्कर्षों से यह स्पष्ट है कि विभिन्न व्यावसायिक-गतिविधियों में संलग्न विभिन्न आय-स्तर वाले आदिवासी अपनी आय को भिन्न-भिन्न मदों पर व्यय करते हैं। सर्वाधिक आदिवासी लोग खान-पान पर व्यय करते हैं। इसके अतिरिक्त कुछ आदिवासी ऋणों के भुगतान, सामाजिक एवं अन्य कार्यों पर भी व्यय करते हैं। लेकिन शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण पहलू की आदिवासियों ने सर्वथा उपेक्षा की है। आदिवासियों का औसत व्यय उनकी वार्षिक औसत आय से अधिक हैं। इस कारण से जब आदिवासी अपनी आय के द्वारा आवश्यकताओं की पूर्ति नहीं कर पाते हैं, तो वे विभिन्न स्त्रोतों से ऋण लेते हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. Kuriyan, J. (1982), Tribal Health Programme, Health & Population: Perpective & Issues, Vol. 5(1), PP . 44-54
2. Rao, D.L. (1972), `Sahukar & Tribal Society', the Tribe, Vol. 8, No. 3 & 4, PP. 7-14
3. Shah, Mihir (2002), the Adiwasi Question: The Hindu, 2-3 March.
4. Mann, R.S. (1978), Problems of Indian Tribes - A Brief Review, The Tirbes, Vol. 11, No. 1, June, P . 113
5. Singh, Awadesh Kumar (1986), Dynamics of Tribal Economy, Serials Publications, New Delhi, P. 61
6. Raddy, N.S. (1988), Depriving Tribals of Land – Andhra Move to Amend Land Transfer Law, Economic & Political Weekly, Vol. 23, No. 29, July 16, P. 58-60.
7. Singh, A.K. & Singh, O.P. (2000), `Participation in Rural Development programmes in Uttar Pradesh', Dynamics of Public Administration, Lucknow Universty, Lucknow P.54

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

समाज में महिलाओं के नवीन उभरते आयाम एवं प्रतिमान का समिक्षात्मक अध्ययन

डॉ. अशोक कुमार खोरवाल*

* सहायक आचार्य (समाजशास्त्र) राजकीय महाविद्यालय, आहोर (जालोर) (राज.) भारत

शोध सारांश – महिलाओं एंव उनके अवकाश के विभिन्न पहलुओं के नवीन उभरते प्रतिमानों कि चर्चा कि गई है। अवकाश के विभिन्न आयामों कि महिलाओं में एक सामाजिक परिवर्तन के रूप में देखा जाता है। अवकाश एंव सामाजिक वर्ग को विभेदित किया गया है आधुनिक और परम्परागत तौर पर महिलाएं अवकाश को किस प्रकार व्यतीत करती है, जहां कामकाजी आधुनिक महिलाएं कामकाज के अलावा अवकाश के क्षणों में विभिन्न प्रकार की गतिविधियों को करती हैं उन्ही गतिविधियों का विश्लेषण किया हैं। आधुनिक कामकाजी महिलाएं में अवकाश के समय में अपना अधिकतर समय सोशल मीडिया की गतिविधियों को पसन्द करती है। वही परम्परागत महिलाएं अपना अवकाश का समय परम्परागत कार्य जैसे पूजा पाठ, धार्मिक कार्य, साफ सफाई, बच्चों का पालन पोषण जैसे कार्य करना पसन्द करती है अवकाश के विभिन्न आयामों में महिलाओं कि प्रस्थिति और विभिन्न प्रतिमानों का अध्ययन किया गया है।

शब्द कुंजी – अवकाश, कामकाजी महिलाएं, सामाजिक परिवर्तन, महिला आरक्षण, सामाजिक वर्ग, जेंडर, प्रतिमान।

अवकाश के नवीन आयाम : दुनिया भर में जहा भी श्रेष्ठतम शिक्षा दी जाती है। वहा शैक्षिक अवकाश एक प्रकार की अनिवार्यता है वहा शिक्षकों और छात्रो के अवकाश के कारण न तो गुणवता प्रभावित हुई और न कार्य सस्कृति नष्ट हुई हमारे देश में शिक्षा एक ऐसी व्यवस्था है जिसमे अध्यापक सबसे निरोह प्राणी है उसी पर प्रशासन शासन समाज यहॉ तक कि शैक्षिक संस्थाए निर्भर करती है अध्यापकों के लिए सम्मान और सहानुभूति का जो संस्कार किसी जमाने में था उसमें उसकी समाज में बौद्धिक प्रतिष्ठा थी आरोप लगाए जाते है कि इस प्रतिष्ठा को खुद अध्यापक ने ही नष्ट किया है उसका अध्ययन विमुख होना उसका अध्यापन के ईमानदार न होना और गैर शैक्षिक कार्यो में कभी सरकारी स्तर पर तो कभी निजी कारोबार के कारण व्यस्त रहना अध्यापकीय प्रतिष्ठा के पतन का प्रमुख आरोप हैं क्या यह सच हैं।

अध्यापक चाहे प्राथमिक स्कूल का हो या विश्वविद्यालय का, उसे अवकाश विहिन करने की शिक्षा नीतियों और निर्देशों ने उसका मानसिक धरातल कर दिया आज से चालीस पचास साल पहले कोई नही कहता था कि अवकाशो के कारण कोर्स पूरा नही हुआ पढाई नही होती कार्य संस्कृति का विघटन हुआ या अध्यापक कामचोर और अध्ययन अध्यापन से विमुख हुआ। बिना कोचिंग कक्षाओं महगें निजी फीस, फैशन वाले स्कूल कॉलेज विश्वविद्यालयों के भी सरकारी संस्थाओं में अच्छी पढाई होती थी। जो अंग्रेजी और गणित आज समस्या वाले विषय है वे उस जमाने में कभी ऐसा नही थे। उस जमाने के हाई स्कूल पास आज भी अंग्रेजी और गणित के अच्छे शिक्षण हैं, अच्छे कर्मचारी और अच्छे अधिकारी माने जाते है। फिर ऐसा क्या हुआ ,क्यो हुआ कि 200 दिन का शैक्षिक सत्र बनाने, सेमेस्टर सिस्टम लाने, अध्यापकों को अवकाश रहित करने बार-बार प्रशिक्षण रिफ्रेशर का उन्मुखीकरण कोर्स देने के बावजूद आज न तो वैसा स्तर है, न वैसा समर्पण और न वैसी कार्य संस्कृति है।

अवकाश के विभिन्न उभरते प्रतिमान : अध्यापक को अवकाश विहिन करने के पीछे इरादा यह है कि उसे सदा व्यस्त रखो और ऐसे काम देते रहो, जिससे उसका मनोबल और आत्मविश्वास ही समाप्त हो, वह केवल एक आज्ञाकारी सेवक बन जाए। कभी विधानसभा लोकसभा से लेकर पंचायत,नगर निगम आदि के प्रश्नो के जवाब एकत्रित करने वाला चलित मजदूर बन जाए, तो कभी जिला, संभाग और राज्य के शिक्षा विभाग या कलेक्टरेट का कर्मचारी बन कर यहॉ बाबुगिरी करता रहे। अध्यापक की स्वतंत्रता आप शिक्षा से स्वतंत्रता का संस्कार कैसे दे सकते है। अध्यापक को आत्म विश्वासहीन करके आप भावी पीढी में विश्वास कैसे पैदा कर सकते है ऐसे कई प्रश्न है। अवकाश है क्या अवकाश अध्यापक की आरामगाह नही है। यह उसके चिंतन,मनन, विचार और अध्ययन का एकांत तरीका है। उसकी शिक्षा के प्रति कुछ नया खोजने या सोचने की जगह है। साथ ही उन जिम्मेदारियों की जगह है जो उसे परिवार और समाज में रह कर अवकाशकाल में ही निभानी होती है। उसका अवकाश छीन कर हम उसे कार्य दिवसों के प्रति बेईमान बना देते है। वह अपनी घरेलू या सामाजिक जिम्मेदारीयों के लिए जब कार्य दिवसों का इस्तेमाल करता है तो पढाई प्रभावित होती है, वह बार-बार छुट्टी लेकर तरीकों से गायब होकर अपना अवकाश खुद पैदा करने लगता है। ऐसे अवैध अवकाशों के कारण वह कामचोर बेईमान और कर्तव्य भ्रष्ट कहलाने लगता है। ऐसा क्यो क्या नीतिकार और शासन-प्रशासक विचार करगें। वास्तव में अवकाश के प्रकार से सत्र भर की थकान से थोड़ी राहत का समय और दोनो है। क्या अवकाश काल में उसे तरह तरह के सर्वे पकडा कर सेमेस्टरों की परीक्षाएं करवा कर, सेमिनार या बौद्धिक उत्थान कर पाते है। क्या हर सचमुच उसका विषय-उन्नयन या बौद्धिक उत्थान कर पाते हैं क्या हर समय परीक्षा लेते रहने,

कॉपीयाँ जाचते रहने या छोटे-छोटे सेमिनार-वर्कशॉप में जाने का एक विकल्प यह नही हो सकता कि हम उसे अवकाश काल में घर या बाहर रह कर संस्था से अलग हट कर कुछ सोचने का मौका दें। उसे नए शैक्षिक प्रयोगों, नवाचारों, अनुभवों और उपलब्धियों की पुस्तकें देकर अपनी समीक्षा देने का काम क्यों नही किया जा सकता अवकाश काल में कुछ नया सोचने या करने के लिए उसकी इच्छा जानने का कोई प्रपत्र क्यो नही भरवाया जाता है छात्र-छात्राओं से हर सत्र या सेमेस्टर कैसा चाहते है सेमेस्टर प्रणाली क्या वार्षिक परीक्षा प्रणाली का बेहतर विकसित हैं क्या मासिक या परीक्षा टेस्ट लेकर परीक्षा का आतंक रचना उचित हैं क्या अवकाश में विश्वविद्यालय कॉलेज और स्कूलों को एक साथ बैठा कर विषय के उन्नतया नय ज्ञान के उन्मुखीकरण की एक वार्षिक योजना तैयार नही की जा सकती क्या समाज और सरकार के साथ कर अध्यापक अपनी शैक्षिक शक्ति का उपयोग करके संस्था को संसाधन संपन्न बनाने, श्रेष्ठ बनाने का कार्य नही बना सकते। विषय विशेषज्ञ अध्यापको के समक्ष वाली जटिलताओं को कैसे सरल किया जाए, क्या इस विषय में उनका प्रबोधन नही कर सकते। अवकाश का मतलब अपने काम से छुट्टी नही बल्कि अवकाश में किसी नए काम की खोज करना हैं अध्यापक को अधिक प्रभावशाली बना सके। वह उस आगामी सत्र या अवकाश के बाद सोचे गए काम को तैयार भी है। जब शिक्षक के अवकाश पर प्रशासन अपने काम की तुलना शिक्षक के काम से कर रहा है अवकाशों से शिक्षक के अवकाश की तुलना कर शिक्षक के अवकाशों से ईष्या कर रहा है या अपनी कम छुट्टियों ज्यादा छुट्टियों से प्रतिशोध ले रहा है। अवकाश से शिक्षक कोई सत्र भर की थकान उतार कर आराम करना ना चाहता बल्कि वह अपने अन्य कामो को निपटा कर दिवसो को अधिक कार्यशील बनाना चाहता है।

शिक्षक प्रति प्रशासको का का मनोविज्ञान यहॉ तक हेड मास्टर, प्राचार्य, अध्यापक, उपनिरीक्षक से लेकर सर्वोच्च अधिकारी तक किसी भी शिक्षक का कभी भी सार्वजनिक रूप से या दफतर में अपमान देना अपने कर्तव्य और अनुशासन का हिस्सा मानता यह मनोविज्ञान बदलना होगा। एक शिक्षक या प्राध्यापक अवकाश में दैनिक रूटिन की परंपरागत जडता से मुक्त भी होता अध्यापकों के लिए अनेक प्रकार की जडताए है। प्रवेश पाठ्यक्रम, पाठ्यपुस्तक, परीक्षाएं ये ऐसे काम है। आज तक स्कूल विश्वविद्यालय तक ऐसा पाठ्यक्रमबना ही नही कि शिक्षक आनंद बन सके, जिज्ञासा बन सके, आत्मप्रेरित अनुसंधान प्रयोग या नवाचार बन सके। निजी स्कूलों में उच्च स्तर नाम पर केवल उची कमाई का फीस उघोग है।

महिला आरक्षण और सामाजिक परिवर्तन : महिला आरक्षण बिल का लाया जाना एक बहुत ही सकारात्मक कदम है,यह भारत के सांस्कृतिक और सामाजिक बदलाव में एक अहम भूमिका निभाएगा, राजनीति एक ऐसा क्षेत्र है जो किसी को भी नेतृत्व की क्षमता देने के साथ-साथ निर्णय देने की क्षमता भी प्रदान करता महिलाओं के विकास में अभी सबसे बडी बाधा यही है। कि उनके पास निर्णय लेने की क्षमता नही है। इस बदलाव की अपेक्षा बहुत पहले से की जा रही देर से ही सही, मगर प्रथम पडाव तो पुरा हुआ है, राजनीतिक स्तर पर आगे कौन से परिवर्तन होंगे और क्या निर्णय लिये जायेगें,यह कहना सहज नही होता, लेकिन यह सरकार का एक अभूतपूर्व निर्णय है और हर राजनीतिक दल को मतभेदों को भुलाकर इसका स्वागत करना चाहिए, राजनीति में नेतृत्व क्षमता उत्पन्न करने का प्रथम चरण पंचायती राज है हमारें सामने एक जीवंत उदाहरण है कि जब तक पंचायती रात में महिलाओं के लिए आरक्षण लागू नही हुआ था,तब तक यह कल्पना भी नही हो सकती थी कि महिलाए राजनीति में प्रवेश कर सकती है पुरूष सत्तात्मक समाज के लिए यह एक बडी चुनौती बनकर उभरा है, क्योकि महिलाओं को राजनीति के लिए पूर्णत: अक्षम माना जाता रहा हैं, यह धारणा तब गलत सिद्ध की यद्यपि सामाजिक परिर्वतन एक द्रुत गति से होने वाली प्रक्रिया नही है, और इसलिए यदि ये परिवर्तन वैधानिक स्तर पर लिए जाते है,तभी उनकी गति तीव्र हो पाती है, पंचायती राज के दौर में जब महिला आरक्षण का निर्णय लिया गया था, तब भी समाज में यह स्वीकारोक्ति सहज नही थी, और आज भी स्थिति में बदलाव बहुत धीमे-धीमे ही हो रहा है समाजशास्त्री के नाते से मैं यह बात बहुत विश्वास से कह सकता हूँ कि अभी भी प्रधान पद पर आसीन लगभग 70 प्रतिशत से ज्यादा महिलाओं के निर्णय में उनके पति, पिता या भाई जैसे घर के पुरूष सदस्यों की भूमिका अहम होती है। इसी प्रकार वर्तमान परिप्रेक्ष्य में भी देखा जाए तो महिला आरक्षण को लेकर एक नकारात्मक दृष्टिकोण उभरेगा क्योकि यह माना जाता है कि महिलाएं नेतृत्व करने के लिए नहीं बनी हैं लेकिन दुनिया भर में हुए शोध बताते हैं कि महिलाओं ने जहा भी निर्णय करने का अधिकार लिया हैं वहा एक समावेशी और निरंतर विकास हुआ है और उनका मानवाधिकार का पक्ष भी पुरूषों की अपेक्षा अधिक गहरा रहा है।

वर्तमान परिदृष्य : अवकाश एवं जेंडर : महिलाओं के लिए अवकाश का अवलोकन 1980 में किया गया। जब विभिन्न स्रोतों के आधार पर पर जेंडर के प्रभाव के बारे में जानकारी एवं अवकाश गतिविधियाँ विशेष रूप से उन स्रोतों पर ध्यान केंद्रित करता है जो कि गुणात्मक अध्ययन था इस अध्ययन मे अवकाश के दिनों को ध्यान में रखते हुए, यह न केवल अवकाश अध्ययन में काम से बल्कि इसके द्वारा भी सूचित किया जाता है कि परिवार के समाजशास्त्र के क्षेत्रों में अनुभवजन्य अनुसंधान, रोजगार और प्रजाति और सांस्कृतिक अध्ययन को भी शामिल किया गया है यहां उपयोग किया गया ढांचा कुछ विश्लेषण को सक्षम करने के लिए डिजाइन किया गया है महिलाओं के जीवन के तरीकों और आर्थिक और सामाजिक संदर्भ महिलाओं का अवकाश विभिन्न प्रकार से अनुभव किया जाता है।

अवकाश के प्रतिमान : वर्तमान में परस्पर संबंधित सामग्री और वैचारिक कारक जैसे कि आय पर सीधा और अवलोकनीय प्रभाव पड़ता है अवकाश के बारे में महिलाओं की पसंद दूसरों के पास कम प्रत्यक्ष है स्पष्ट प्रभाव लेकिन कोई भी महत्वपूर्ण नहीं है, जैसे महिलाओं की यह धारणा कि वे कहाँ सहज महसूस करती हैं व्यवहार में ये संरचना तत्व बहुत निकटता से जुड़े हुए हैं विश्लेषण में आसानी का मतलब है कि शुरू में उनके साथ वैसा ही व्यवहार किया जाता है।

अवकाश और सामाजिक वर्ग : सामाजिक विकास से जुड़ी परेशानियो के बावजूद महिलाओं के लिए वर्ग वर्गीकरण महिलाओं के अवकाश के अनुभव हैं वर्ग आधार पर विभेदित अधिकांश कामकाजी वर्ग की महिलाओं के पास है अवकाश के अनुभव जो अधिकांश अनुभवों से काफी भिन्न होते हैं वर्ग सीमाओं के किसी भी धुंधलेपन के बावजूद मध्यम वर्ग की महिलाएँ होती है। क्लार्क और क्रिचर ने महिलाओं मे अवकाश मध्यम वर्ग की महिलाओं का रुझान कुल मिलाकर अधिक होता है अवसर कामकाजी वर्ग की महिलाओं की भागीदारी दर कम है केवल घर से बाहर की गतिविधियाँ जिसमें नियमित रूप से मध्यवर्गीय महिलाओं की तुलना में अधिक कामकाजी महिलाएं हैं। शराब पीना, सिनेमाघरों में उपस्थिति, थिएटर और संगीत कार्यक्रम मुख्यत:

मध्यम वर्ग के हैं।

इस प्रकार भोजन के लिए बाहर जाना एक अवकाश गतिविधि हो सकती है सभी सामाजिक वर्गों में आम हैं भोजन, रेस्टोरेंट आदि के प्रकारों में महत्वपूर्ण अंतर समूह शामिल हैं। महिलाओं का अवकाश कामकाजी वर्ग की महिलाओं के लिए अवकाश बार-बार मिलता है विस्तारित पारिवारिक नेटवर्क विशेषकर अन्य के इर्द-गिर्द घूमता है महिला परिवार के सदस्य जबकि कामकाजी और मध्यम वर्ग दोनों महिलाओं ने बताया कि वे खाली समय रिश्तेदारों से मिलने काम करने में व्यतीत करती हैं। वर्ग की महिलाओं के ऐसा अधिक बार करने की संभावना अधिक होती है क्योंकि उनके अपने रिश्तेदारों के आस-पास रहने की अधिक संभावना है। भौगोलिक रूप से अधिक गतिशील मध्यम वर्ग की संभावना कम है भागीदारी और सामाजिक नेटवर्क में अंतर के अलावा, शेफील्ड सर्वेक्षण भी अधिक खर्च करने की क्षमता पर प्रकाश डालते है मध्यवर्गीय महिलाओं के अंतर को ध्यान में रखते हुए भी घरों के भीतर धन का बँटवारा जबकि सामाजिक वर्ग नहीं कर सकता यदि इसे केवल आय के साथ जोड़ा जाए तो स्पष्ट रूप से एक सह संबंध है दोनों के बीच में आय संरचना चरों में से केवल एक है अवकाश का जहां सामाजिक वर्ग का शक्तिशाली प्रभाव होता है। दौड़, रोजगार, श्रम का लैंगिक विभाजन के चरण है। पारिवारिक जीवन चक्र सभी विभाजन हैं जो सामाजिक के साथ अंत:क्रिया करते हैं यहां तक कि ऐसे कारक भी जो सैद्धांतिक रूप से सभी महिलाओं को प्रभावित करते हैं, जैसे व्यक्तिगत सुरक्षा, सामाजिक वर्ग द्वारा विभेदित होती है तो मध्य वर्ग की महिलाएँ आय स्तर और अवकाश भागीदारी के बीच संबंध दोनों में उभरने वाले सबसे महत्वपूर्ण सहसंबंधों में से एक है। श्रम का लैंगिक विभाजन और संबंधित श्रम बाजार असमानताएँ महिलाओं की पुरुषों पर आर्थिक निर्भरता को प्रोत्साहित करती हैं, और पुरुषों के लिए 'पारिवारिक वेतन' के लिए वेतन-सौदेबाजी ने मान लिया है आय, परिवारों के भीतर धन का वास्तविक वितरण कर सकती है महिलाओं के अवकाश के लिए अधिक महत्वपूर्ण निहितार्थ हैं। पहल के अनुसार घरेलू इकाइयों की राजनीतिक अर्थव्यवस्था पर एक साथ शोध सामुदायिक अध्ययन और परिवार के समाजशास्त्रीय विश्लेषण के साथ सभी ने आय और शक्ति के बीच संबंध का संकेत दिया है। घरेलू संसाधनों का नियंत्रण काफी हद तक यह निर्धारित कर सकता है कि कैसे महिलाएं अपना खाली समय बिता सकती हैं। खासकर जहां उनके पास समय नहीं है पहल ने पाया कि पत्नियाँ कम पैसे खर्च करती हैं अपने पतियों की तुलना में अवकाश विशेषकर निम्न आय वर्ग में अवकाश उन क्षेत्रों में से एक है जहां खर्च में कटौती की जाती है। क्योंकि आमतौर पर महिलाओं का अवकाश माना जाता है। घरों में तुलनात्मक रूप से कम प्राथमिकता, किसी भी प्रकार का खर्च महिलाओं का अवकाश अक्सर अर्थव्यवस्था का पहला क्षेत्र होता है जबकि पुरुषों का व्यक्तिगत तौर पर कुछ पैसों पर अधिकार बनाए रखने की अधिक संभावना है अवकाश व्यय उन घरों में जो कमाने वाले पुरुष की व्यय पर निर्भर हैं यह एक महिला के लिए अवकाश तक पहुंच से इनकार करना मुश्किल नहीं है किसी भी स्तर के खर्च की आवश्यकता होती है। वेतन पर पुरुष के स्वामित्व को प्रभावी ढंग से रोकने के लिए उसे ऐसे अवकाश की सुविधा के लिए पैसे मांगने से बचना चाहिए। उम्र बढ़ने की प्रक्रिया में शारीरिक स्वास्थ्य में गिरावट शामिल हो सकती है और गतिशीलता क्षीण हो सकती है बुजुर्ग विशेष पात्र हैं महिलाओं के अवकाश की किसी भी चर्चा में विचार मेसन का 1988 का एक महत्वपूर्ण लेख बुजुर्ग महिलाएं पर हैं जहां अवकाश के बहुत कम प्रावधान होते हैं बच्चों वाली विवाहित महिलाएँ या बढ़ते परिवारों वाली महिलाएँ अलगाव, तलाक और पुनर्विवाह में वृद्धि के बावजूद एकल माता-पिता वाले परिवारों की बढ़ती संख्या और विचारणीय पारंपरिक रूप से परिवारों से बाहर रहने वाली महिलाओं की संख्या पारिवारिक जीवन चक्र की प्रमुख परिभाषा है। अवकाश का प्रावधान उन युवाओं के लिए है जिनके पास है तुलनात्मक रूप से कम वित्तीय प्रतिबद्धताएँ और वैतनिक कार्य में कुछ प्रयोज्य आय फिर भी कई सार्वजनिक जिन अवकाश स्थलों पर युवा लोग अक्सर जाते हैं उन पर पुरुषों का नियंत्रण होता है और युवा महिलाओं का अधिकांश अवकाश उनके द्वारा निर्धारित होता है।

महिलाओं की स्थिति में सामाजिक परिवर्तन : इस अध्याय मे अवकाश, महिलाओं और जेंडर के बारे में है ये तीनों विषय महत्वपूर्ण हैं पश्चिमी संस्कृतियों में अवकाश एक अपेक्षाकृत वर्तमान अवधारणा है, जबकि एशिया में लोग सदियों पहले अवकाश के लिए प्रतीकों का उपयोग करते थे जबकि प्राचीन यूनानी दार्शनिकों ने भी सांस्कृतिक चर्चा की अवकाश का आदर्श पहली शताब्दी ई.पू. में ही शुरू हो गया था। कई लोगों के जीवन को आकार देते थे महिला और गैर-कुलीन अन्य जिनके श्रम ने इस अवकाश को संभव बनाया। अवकाश का अध्ययन बीसवीं सदी की घटना है। अभी तक 1980 के दशक तक महिलाओं और अवकाश के विषय पर अधिकतर चर्चा नहीं की गई थी। परन्तु इक्कीसवीं सदी में भी इसे एक केंद्रित विश्लेषण मानते हैं। अवकाश, महिलाएँ और जेंडर अन्वेषण के लिए एक महत्वपूर्ण क्षेत्र बने हुए हैं। महिलाओं के जीवन और समझ में कई लाभ हुए हैं कई देशों में है विभिन्न पहलुओं में महिलाओं के विरूद्ध भेदभाव करने के लिए कानून पारित किए गए अवकाश अंतराल शब्द उनकी खोज के कारण है कि जिस प्रकार वेतन अंतर है कार्यस्थल पर पुरुषों और महिलाओं के बीच, एक सामान्य अवकाश अंतर है इस अध्याय मे न केवल महिलाओं और पुरुषों के बीच उपलब्ध समय की मात्रा में कुछ अंतर हैं।

होशचाइल्ड और माचुंग (1989) ने अवकाश पर सुझाव दिया था विभिन्न प्रकार के अंतराल अवकाश का महत्व महिलाओं में भी मौजूद है। जो महिलाएं गरीब हैं उनके लिए उदाहरण के लिए, लाभकारी रूप से नियोजित महिलाओं की तुलना में अलग-अलग अवकाश अंतराल का सामना करना पड़ सकता है खेल, मनोरंजन और अवकाश में जैसा कि इस अध्याय मे दर्शाते हैं। जेंडर संबंधपरक है इसका निर्माण और पुनर्निर्माण किया जाता है व्यक्तियों के साथ संबंध और बातचीत समाज, संस्कृति और इतिहास। अवकाश न केवल प्रजनन के लिए, बल्कि लिंग के प्रतिरोध और परिवर्तन के लिए भी एक स्थान प्रदान करता है सभी पुरुषों और महिलाओं का जीवन जेंडर आधारित है, लेकिन इससे परे, वे प्रजाति वर्ग और सांस्कृतिक आधार पर भी भेदभाव किया जाता है इसलिए जबकि हम कई महिलाओं के बीच समानताएं हैं और महिलाओं और पुरुषों के बीच, हम विविधता और अंतर देखते हैं असमानता के रूप में हमारा तर्क है कि सभी व्यक्तियों को अवसर मिलना चाहिए इस अध्याय का उद्देश्य अनुसंधान का आलोचनात्मक विश्लेषण प्रस्तुत करके और भविष्य के लिए दिशा-निर्देश प्रस्तावित करके इन कई मुद्दों की जांच करना है। अवकाश, महिलाओं और जेंडर का अध्ययन पृष्ठभूमि और संदर्भ व्यक्तिगत जीवन, सामाजिक संदर्भों में जीवन, शक्ति, संस्कृति और राजनीति के निर्धारित करता है। अवकाश, महिलाओं और जेंडर की चर्चा साथ ही इसे स्वीकार करते हुए धारणाएँ जो उन विचारों को रेखांकित करती हैं। आज लड़कियों और महिलाओं के जीवन पर चर्चा के माध्यम से का प्रतिच्छेदन

अवकाश, जेंडर और संस्कृति, लिंग संबंधों की केंद्रीयता और भिन्न अवकाश के बारे में सोचने के तरीके है लड़कियों और महिलाओं का आज का जीवन और ऐसे तरीके हैं जिनसे जेंडर लड़कियों और महिलाओं में अंतर है जीवन और अवकाश का लैंगिक समानता की दिशा में प्रगति का दस्तावेजीकरण करना और उसकी निगरानी करना। इस उद्देश्य से सामाजिक नीति और कार्रवाई को बढ़ावा दिया गया। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर महिलाओं के जीवन में सुधार होगा। अवकाश, महिलाएँ और जेंडर लैंगिक समानता के अन्य सूचकांकों के आंकड़े भी मिश्रित तस्वीर पेश करते हैं आय असमानता सभी महिलाओं को समान रूप से प्रभावित नहीं करती है और इस बात के पर्याप्त तथ्य हैं कि सशक्त महिलाएं और विकलांग महिलाएं दुनिया में जहां भी वे रहते हैं, उन्हें आय भेदभाव की उच्च दर का सामना करना पड़ता है। उदाहरण के लिए कनाडा में आदिवासी महिलाएँ और दृश्यमान अल्पसंख्यक महिलाएँ श्वेत विरासत की महिलाओं की तुलना में उनकी आय कम है लैंगिक समानता का एक और चल रहा मुद्दा स्वास्थ्य का है। महिलाओं पर औसत पुरुषों की तुलना में अधिक जीवन प्रत्याशा होती है लेकिन महिलाओं की तुलना में अधिक होती है एक बड़ी चिंता का विषय है कई महिलाओं को पर्याप्त प्रजनन या प्रसव पूर्व देखभाल संयुक्त राष्ट्र, 2006 अनुसार नहीं मिलती है, जो उनकी प्रजनन पसंद उनके स्वास्थ्य और उनके बच्चों के स्वास्थ्य को खतरे में डालती है। दुनिया में कुछ लोगों को इसे प्रगति और महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए वरदान के रूप में देखा जा सकता है अपर्याप्त रूप से अध्ययन किए गए महिलाओं के शरीर का तेजी से चिकित्साकरण हो रहा है। इन बायोमेडिकल प्रक्रियाओं में, और महिलाओं पर दबाव बढ़ रहा है अवकाश महिलाये और जेंडर बच्चों वाली नौकरीपेशा महिलाएं हमेशा काम करती हैं। घर-परिवार के जेंडर आधारित वितरण में तुलनात्मक रूप से बहुत कम परिवर्तन पारिवारिक जिम्मेदारिया सरकारी सामाजिक नीतियां भी हैं सामाजिक और सामुदायिक सेवाओं जैसे की आवश्यकता के साथ तालमेल नहीं रखा गया मातृत्व और पारिवारिक अवकाश का प्रावधान सुलभ बाल देखभाल इन सेवाओं की कमी न केवल के कुछ क्षेत्रों है लड़कियों और महिलाओं की राजनीतिक स्थिति में अनेक विरोधाभास यह राष्ट्रीय लैंगिक समानता के कुछ मुद्दों का संक्षिप्त अवलोकन है अवकाश महिलाओं और जेंडर की चर्चा के लिए स्पष्ट रूप से इसकी प्रासंगिकता है हम इस अध्याय के माध्यम से इसमें संलग्न हैं। समाज में अवकाश की अवधारणा कोल्टर 1999 अवकाश की अंतर्निहितता और असंभवता पर प्रकाश डालता है अवकाश को रोजमर्रा की जिंदगी के व्यक्तिगत, सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक और राजनीतिक घटकों से अलग करता है। साथ ही गरीबी, नस्लवाद, विषमलैंगिकता, उम्रवाद और सक्षमवाद से मुक्ति और इनसे उत्पन्न होने वाली हिंसा और तनाव सभी अवसरों को प्रभावित करते हैं। अवकाश और जो लड़कियों के बीच विविधता और असमानताओं के प्रति संवेदनशील है महिलाओं और लड़कियों को रोजमर्रा की जिंदगी के संबंध में जिन चुनौतियों का सामना करना पड़ता है अवकाश का अनुभव विभिन्न स्तरों पर होता है। व्यक्तिगत स्तर पर महिलाएँ और लड़कियों को भेदभाव और उत्पीड़न का सामना करना पड़ सकता है। कार्यस्थल पर स्कूल में, समुदाय में और अवकाश में जातिवाद, लिंगवाद, और विषमलैंगिकता, साथ ही विकलांगता के प्रति नकारात्मक दृष्टिकोण को रोका जा सकता है अवकाश में भागीदारी को सीमित करना और अवकाश के माध्यम से व्यक्तियों की आत्म-अभिव्यक्ति और सकारात्मक पहचान के विकास की स्वतंत्रता को भी सीमित कर सकता है। और लड़कियों के लिए एक स्त्रीतत्व के अनुरूप होने के दबाव से संबंधित बढ़ती समस्या का प्रमाण है जो बहुत कम आदर्श बनाती है। महिलाएं और पुरुष अलग-अलग जीवन स्थितियों में इन अनुभवों को समझना परिवर्तन के लिए एक महत्वपूर्ण प्रोत्साहन हो सकता है। यह केवल व्यक्तिगत स्तर पर अनुभव और परिवर्तन पर ध्यान केंद्रित करने तक सीमित है। सामाजिक संदर्भों और सांस्कृतिक कारकों के प्रभाव को भी ध्यान में रखना कभी-कभी व्यक्तिगत स्तर की समझ का पता लगाने की प्रवृत्ति होती है समस्या व्यक्ति के भीतर होती है और व्यक्ति को इसके लिए प्रोत्साहित करती है व्यक्तियों को अपने अवकाश के संदर्भ में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है जीवन संदर्भों से उत्पन्न होते हैं अवसरों को बढ़ा सकता है अवकाश और आत्म-विकास के लिए, वे कठिन, तनावपूर्ण और हो सकते हैं घर में या उनके रोजमर्रा के जीवन में अवकाश, विश्राम के लिए पड़ोस-आधारित अवसर हो सकते हैं या नहीं भी हो सकते हैं और सामाजिक सम्बंद्ध किसी भी मामले में सामाजिक संदर्भ का महत्व पता चलता है। पारस्परिक अंत:क्रियाओं की विविधता को बेहतर ढंग से समझने की आवश्यकता है विभिन्न अवकाश परिवेशों में होने वाली वार्ताएं सामाजिक संदर्भों पर विचार करना भी शोधकर्त्ताओं के लिए केंद्रीय विषय रहा है अवकाश के अर्थ और अवकाश प्रथाओं को समझने के बारे में चिंतित और अवकाश क्षेत्र में लैंगिक समानता की दिशा में काम करना है।

शक्ति, संस्कृति, विचारधाराओं और प्रवचन की धारणाओं को एक साथ लाकर एक व्यापक अवकाश की राजनीति पर परिप्रेक्ष्य संभव है जो अतिरिक्त प्रदान करता है उन तरीकों की अंतर्दृष्टि जिनसे अवकाश में असमानताओं को पुन: उत्पन्न किया जाता है और उनका विरोध किया जाता है सामाजिक विचारधाराएं अवकाश नीतियों को कैसे प्रभावित करती हैं, और ये नीतियां कैसे प्रभावित करती हैं अवसरों और भागीदारी को प्रभावित करती है विचारधाराएं कैसे प्रभावित करती हैं अवकाश दूसरा तरीका विभिन्न मीडिया का विश्लेषण करना है। दस्तावेज के लिए फिल्में, वीडियो गेम, फैशन शो, समाचार पत्र, पत्रिकाएँ आदि जिसमें अवकाश अभ्यास खेल सामाजिक विचारधाराओं को प्रभावित कर सकते हैं।

निष्कर्ष – इस लेख में निष्कर्ष यह निकलता है कि अवकाश का उपयोग अपनी जरूरत के हिसाब से कर लेते है। जहां सरकारी योजनाओं के तहत अवकाश का मामला आता है जैसे चाइल्ड केयर लीव, जैसे अवकाशों पर अभी मंथन होना चाहिये। परिस्थिति के अनुसार इसका प्रयोग किस प्रकार किया जाना है। कहीं सरकारी तंत्रों में इस अवकाश का सही प्रयोग हो रहा है या इसे अपना अधिकार समझना, इस तरह के मामलों को समझना अभी शेष है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. किम्मेल, एम.एस. (2004), द जेंडरड सोसाइटी न्यूयॉर्क, ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस।
2. लिओनेट, सी. एडं क्लार्क, एम (2009,) अनसोशियल आवर्स अनसोशियल फैमिलीज, वर्किंग टाइम एडं फॅमिली वेल बीइंग, कैंब्रिज, यूके रिलेशनशिप फाउंडेशन।
3. युलिंगर, जे. (1974), द साइकोलोजी ऑफ लेजर स्प्रिंगफील्ड, चार्ल्स थॉमस।
4. रोजेक, सी. (1989), लेजर टाइम एडं लेजर स्पेस लेजर फॉर लेजर

क्रिटिक्ल एसे, लन्दन यूके मैकमिलन।
5. रोजेक, सी. (1995), टू इनस्ट दिसेंटिंग लेजर , लन्दन यूके सेज।
6. साव, एस. एम. (2001), कॉसेप्टुलाइजिंग रेजिस्टेंस :वुमेन्स लेजर एज पोलिटिकल प्रैक्टिक्स ,जर्नल ऑफ लेजर रिसर्च।
7. साव, एस. एम. (2008), फेमिली लेजर एडं चेंजिंग आइडियोलोजिस ऑफ पेरेन्टहूड सोशियोलोजी कैम्पस।
8. स्केज्स, बी (1999), मेटर ऑफ प्लेस विजिबिलिटी एडं सेक्सुलिटीज इन लेजर स्पेस, लेजर स्टडी।
9. स्टैटिक्स कनाडा. (2006), वुमेन इन कनाडा ओटावा, ओन सोशल एडं एबओरिजन स्टैटिक्स डिविजन, स्टैटिक्स कनाडा।
10. सुल्लिवन, ओ. (2004), चंजिंग जेंडर प्रैक्टिस् विथहिम द हाउसहोल्ड, ए थिओरटीकल पर्सपेक्टिव, जेंडर एडं सोसाइटी।
11. तुआन, वाई. (1977), स्पेस एडं प्लेस द पर्सपेक्टिव ऑफ एक्सपीरिएंस मिन्नेपोलिस, यूनिवर्सिटी ऑफ मिन्नेसोटा प्रेस।
12. यूनाइटेड नेशन (2006), द वर्ल्डस वुमेन्स 2005 प्रोग्रेस इन स्टैटिक्स न्यूयॉर्क, इकोनोमिक एडं सोशल अफेयर ,यूनाइटेड नेशन।
13. वेअरिंग, बी (1998), लेजर एडं फेमिनिस्ट थ्योरी, थाउजेंड ओक्स सेज।
14. वेस्ट, सी. एडं जिम्मेरमेंन, डी एच. (1991), डूइंग जेंडर इन जे, लोर्बेर एडं. एस. ए फेरेल, द सोशल कंस्ट्रक्शन ऑफ जेंडर, न्यूबरी पार्क सेज।
15. विम्बुस, इ. एडं टालबोट, एम. (1998), रिलेटिव फ्रीडम्स वुमेन एडं लेजर मिल्टन कीन्स, यूके ओपन यूनिवर्सिटी प्रेस।
16. जुजानेक, जे. (2004), वर्क, लेजर, टाइम प्रेशर, एडं स्ट्रेस इन जे.टी. होवोर्थ एडं ए.जे. वील वर्क एडं लेजर वेस्ट सुसेक्स, यूके।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

स्वप्नवासवदत्तम् में पात्रों के नैतिक आदर्श मूल्यों का अध्ययन

रमेश कुमार मेघवाल*

* सहायक आचार्य (संस्कृत) राजकीय महाविद्यालय, आहोर (जालोर) (राज.) भारत

शोध सारांश – नाटककार भास के द्वारा रचित 'स्वप्नवासदत्तम्' नाटक छः अंको का है। इस नाटक में वत्सराज उदयन, राजकुमारी वासवदत्ता और राजकुमारी पद्मावती की रोचक कथा का वर्णन तथा वत्सराज उदयन और वासवदत्ता की स्वप्न में मिलने की रोचक घटना वर्णित है। इसी कारण इसका नाम 'स्वप्नवासदत्तम्' है। वत्सराज उदयन का विवाह राजकुमारी वासवदत्ता से होने के बाद वे राज्य कार्य पर ध्यान नहीं देते है और इस अवसर का लाभ उठाकर उनका शत्रु आरुणि राज्य के अधिकांश भाग पर कब्जा कर लेता है। तब प्रधान अमात्य यौगन्धरायण राज्य को पुनः प्राप्त करने के लिए वासवदत्ता और स्वयं के जलकर मरने की मिथ्या बात फैलाकर, मगध नरेश की बहिन पद्मावती से राजा उदयन के विवाह की योजना बनाते है। यौगन्धरायण वासवदत्ता को अपनी बहिन बताकर राजकुमारी पद्मावती के पास धरोहर के रूप में रख देते है। उदयन स्वप्न में वासवदत्ता को देखता है तो उनकी स्मृति ताजा हो जाती है। तदनन्तर राजा उदयन का राजकुमारी पद्मावती के साथ विवाह हो जाता है। मगध नरेश की सहायता से राजा उदयन अपना राज्य पुनः प्राप्त कर लेते है, फिर वासवदत्ता और उदयन का पुनर्मिलन होता है। वत्सराज उदयन वासवदत्ता और पद्मावती के साथ सहर्ष राजधानी लौट जाते है। नाटककार भास ने पात्रों के चरित्र–चित्रण में आदर्श नैतिक मूल्य प्रस्तुत किये है।

शब्द कुंजी – उदयन, वासवदत्ता, पद्मावती, यौगन्धरायण, वसन्तक, स्वप्नवासवदत्तम्, चरित्र–चित्रण, नैतिक मूल्य, आदर्श।

1. उदयन – वत्सराज उदयन 'स्वप्नवासदत्तम्' नाटक के नायक है। उनमें नायक के सभी गुण विद्यमान है। नाटककार भास ने उदयन के निम्न चारित्रिक गुणों पर प्रकाश डाला है –

(1) धीरललित नायक : वत्सराज उदयन कलाप्रिय, दर्शनीय और विलासप्रिय होने के कारण नाट्यशास्त्रीय परम्परा के अनुसार धीरललित नायक है।

दशरूपककार धनंजय के अनुसार, धीरललित नायक का लक्षण –

'निश्चिन्तो धीरललितः कलासक्तः सुखी मृदुः'

इस प्रकार उदयन धीरललित नायक है।

(2) रूपवान् : नाटककार भास ने उदयन का चित्रण सर्वांग सुन्दर, मधुर–भाषी, युवा सुशील तथा वीर नायक के रूप में किया है। चेटी इन्हें धनुष बाण के बिना साक्षात् कामदेव कहती है –

'ननु शरचापहीनः कामदेवः'

वत्सराज उदयन अत्यंत रूपवान् है। इनकी आकृति लुभावनी एवं दर्शनीय है। वत्सराज उदयन के अनुपम सौन्दर्य, अत्यधिक प्रेम तथा दया दाक्षिण्य आदि गुणों को देखकर ही मगध नरेश दर्शक की बहिन राजकुमारी पद्मावती रीझ जाती है।

(3) विविध गुण सम्पन्न : वत्सराज उदयन एक विविध गुण सम्पन्न व्यक्तित्व युक्त राजा है। उदयन में उच्च कुल के अनुरूप अनुपम सौन्दर्य, साहसी, वीर, कला प्रिय, वीणा वादन में कुशल, आदि अनेक गुण विद्यमान है।

(4) ललित कलाविद् : उदयन नय विनय में प्रवीण, ज्ञानवान्, ललित कलाविद् और वीणा वादन में कुशल है। वे ललित–कलाओं में मर्मज्ञ है और वीणा बजाने में अद्वितीय है। उनकी वीणा प्रवीणता पर मुग्ध होकर ही महाराज प्रद्योत ने अपनी पुत्री राजकुमारी वासवदत्ता को वीणा सिखाने हेतु आग्रह किया था।

(5) आदर्श पत्नीव्रत : वासवदत्ता के प्रति उदयन का असीम सच्चा प्रेम है। लावाणक ग्राम के अग्निकांड में वासवदत्ता के जल कर मरने की घटना पर वे स्वयं को भस्म करने हेतु दौड़ पड़ते है। उनका अपनी पत्नी वासवदत्ता के प्रति असीम प्रेम को देखकर लावाणक ग्राम से आया हुआ ब्रह्मचारी भी विह्वल होकर कहता है – वैसे तो ऐसे वियोग में चक्रवाक भी नहीं तड़पते है जैसे इस समय राजा उदयन तड़प रहे है। उनके समान अन्य कोई स्त्री से वियुक्त व्यक्ति भी नहीं दिखाई पड़ता –

'नैवेदानीं तादृशाश्चक्रवाका नैवाऽप्यन्ये स्त्रीविशेषैर्वियुक्ताः।
धन्या सा स्त्री यां तथा वेत्ति भर्ता भर्तृस्नेहात् सा हि
दग्धाऽप्यदग्धा।।'

वत्सराज उदयन रूपशील, माधुर्य, मधुर भाषी आदि गुणों से युक्त पद्मावती को पाकर भी प्राणप्रिया वासवदत्ता को नहीं भुला पाते है।

(6) वीर एवं साहसी : उदयन राजोचित गुणों से सम्पन्न एक वीर एवं श्रेष्ठ राजा है। मगध नरेश के कंचुकी के द्वारा युद्ध के लिए आह्वान करने पर वे शत्रु पर गरजते हुए युद्ध के लिए शीघ्र ही चले जाते है।

'उपेत्य नागेन्द्रतुरंगतीर्णे तमारुणिं दारुणकर्मदक्षम्।
विकीर्णबाणोग्रतरंगभंगे महार्णवाभे युधि नाशयामि ।।'

इस प्रकार वत्सराज उदयन के चरित्र में गुरुजनों के प्रति सम्मान, धैर्य, शौर्य, दया, ललित कलाओं में प्रवीणता, वीरता तथा पत्नी के प्रति असीम सच्चा प्रेम आदि गुणों का मनोरम समन्वय है।

2. वासवदत्ता – अवन्ति नरेश प्रद्योत की पुत्री और वत्सराज उदयन की प्रथम पत्नी वासवदत्ता 'स्वप्नवासवदत्तम्' नाटक की प्रधान नायिका हैं।

नाट्यशास्त्रीय नियमों के अनुसार, वह स्वीया नायिका है। नाटककार ने वासवदत्ता के निम्न चारित्रिक गुणों पर प्रकाश डाला हैं –

(1) आदर्श पतिव्रता नारी : वासवदत्ता पतिव्रता एवं नि:स्वार्थ भाव पत्नी है जो अपने पति के लिए सर्वस्व बलिदान करने के लिए तत्पर रहती है। वासवदत्ता को 'स्वप्नवासवदत्तम्' नाटक में राजा उदयन की प्रिय पत्नी एवं अपने स्वामी के लिए सर्वस्व न्यौछावर कर देने वाली पतिव्रता राजमहिषी के रूप में चित्रित किया गया है। वह अपने पति उदयन के हित के लिए यौगन्धरायण की योजना को बिना तर्क–वितर्क किए स्वीकार कर लेती है और अनेक कष्ट सहन करती है।

(2) स्वाभिमानिनी नारी : नाटककार ने वासवदत्ता का चित्रण एक स्वाभिमानिनी नारी के रूप मे किया है। वह एक स्वाभिमानिनी नारी है इसी कारण सेवकों द्वारा आश्रम से हटाये जाने पर वह खेद के साथ कहती है 'परिश्रम: परिखेदं नोत्पादयति यथायं परिभव:' संन्यासी वेशधारी यौगन्धरायण के साथ आश्रम में प्रविष्ट होती हैं, तो 'उत्सरत आर्या:! उत्सरत:' का आदेश सुनती है तो उस समय वह अपने को हटाये जाने की आंशका से स्वाभिमान को ठेस लगती देखकर तुरन्त प्रतिक्रिया स्वरूप यौगन्धरायण से प्रश्न कर बैठती है।

(3) गुण–ग्राह्या नारी : वासवदत्ता गुण–ग्राह्या नारी है। वह पद्मावती को देखकर के उसके रूप की प्रशंसा मुक्त कण्ठ से करती हैं।

'अभिजनानुरूपं खल्वस्या रूपम्'

(4) कोमल हृदय नारी : वासवदत्ता हृदय से अत्यन्त कोमल है वह पद्मावती के प्रति सदैव स्नेहपूर्ण व्यवहार करती हैं। जब उसे पद्मावती के अस्वस्थ होने का समाचार पता चलता है तो वह तुरन्त समुद्रगृह में पहुंचती है और पद्मावती के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हैं।

इस प्रकार वासवदत्ता के चरित्र में पतिपरायणता, कुलीनता, उदारता, संयम तथा धैर्य आदि अनेक गुणो का अत्यन्त मनोरम मिश्रण देखने को मिलता है। अत: वासवदत्ता अपने रमणीय गुणों से वह नि:संदेह एक आदर्श रमणी है।

3. पद्मावती – नाटककार भास ने राजकुमारी पद्मावती का चरित्र–चित्रण एक आदर्श सपत्नी, अत्यंत सौन्दर्य युक्ता राजकुमारी, मधुर–भाषी, दानशीला, करुणाशील पात्र के रूप में किया है।

भास ने पद्मावती के निम्न चारित्रिक गुणों पर प्रकाश डाला है –

(1) धर्मप्रिय एवं दानशीला : पद्मावती एक धर्मप्रिया एवं दानशीला राजकुमारी है। वह धार्मिक कार्यों में सहायता करना अपने कुल का धर्म मानती है। वह जब आश्रम में जाती है, तब वह घोषणा करवाती है कि जिसको जो चाहिए वह आकर प्राप्त कर ले। वस्त्र आदि सहर्ष दान देने के लिए तपस्वियों को आमंत्रित करती है।

(2) दृढ–प्रतिज्ञ : पद्मावती का नाटककार भास ने एक दृढ–प्रतिज्ञ राजकुमारी के रूप में चित्रण किया है। यौगन्धरायण की याचना स्वीकार कर लेने के बाद धरोहर की रक्षा करना कठिन कार्य होने के कारण भी वह उस कार्य से पीछे हटाना अनुचित मानती है।वह कंचुकी से स्पष्ट रूप से कहती है–

'आर्य प्रथममुद्घोष्य क: किमिच्छतीति अयुक्तमिदानीं विचारयितुम्'।

(3) अद्वितीय सौन्दर्ययुक्ता : पद्मावती अद्वितीय सौन्दर्यचुक्ता राजकुमारी है। उसके रूपसौन्दर्य को देखकर वासवदत्ता भी उसके प्रथम दर्शन में ही वासवदत्ता के मुख से अनायास ही निकालता है –

'अभिजनानुरूपं खल्वस्या रूपम्'

(4) ईर्ष्या–द्वेष रहिता : पद्मावती के हृदय में ईर्ष्या– द्वेष आदि दुर्गुण नहीं है। लता मंडप में उदयन के हृदय की बात जानकार वह वासवदत्ता और उदयन से ईर्ष्या नहीं करती है। वह दासी के द्वारा 'अदाक्षिण्य: खलु भर्ता' ऐसा कहने पर उसे डांटती है। वह सदा आवन्तिका (वासवदत्ता) के साथ सखी की तरह व्यवहार करती है फिर भी अंत में उसे वासवदत्ता के रूप में जानकार तत्काल क्षमा मांगती है।

(5) उदारमना : नाटककार भास ने पद्मावती को उदारमना नायिका के रूप में चित्रित किया है। पद्मावती उदारमना एवं विशाल हृदया है। वह तपोवन में उदार मन से दान देती है। वासवदत्ता के साथ भी वह हमेशा सखी जैसा व्यवहार करती है। विवाह के बाद वह वासवदत्ता के प्रति उदयन का प्रेम देखकर वह अन्य स्त्रियों की तरह दुखी नहीं होती है, और ना ही ईष्या करती है। प्रत्युत वह वासवदत्ता के लिए 'आर्या' शब्द का प्रयोग करती है, जो उसकी उदारता और महानता का परिचायक है।

इस प्रकार नाटककार भास ने बड़े मनोयोग से आदर्श सपत्नी के रूप में पद्मावती का चरित्र–चित्रण किया है। अनुपम सौन्दर्ययुक्ता, निरभिमानिता, कर्तव्यनिष्ठा, उदारमना, कुलीनता, शालीनता इत्यादि विविध गुणों से युक्त पद्मावती का अत्यंत उदात्ता चरित्र–चित्रण किया गया है जो भारतीय नारी के लिए एक आदर्श है।

4. यौगन्धरायण – स्वप्नवासवदत्तम् नाटक में यौगन्धरायण का परिचय वत्सराज उदयन के प्रधान अमात्य के रूप में मिलाता है। नाटककर ने यौगन्धरायण की निम्न चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डाला है।

(1) महान् कूटनीतिज्ञ : यौगन्धरायण एक महान् कूटनीतिज्ञ है। वासवदत्ता को छिपाकर रखना, राजा उदयन का पद्मावती के साथ विवाह कराना एवं मगध नरेश की सहायता से पुन: राज्य प्राप्त करना ये सब यौगन्धरायण की योजनाओं के ही मधुर परिणाम है। यौगन्धरायण के कूटनीतिक विचारों के कारण ही वत्सराज उदयन अपना राज्य पुन: प्राप्त कर पाते है।

(2) व्यवहार कुशल : यौगन्धरायण दूसरे के गुणों के पारखी है तथा गुणीजनों का सम्मान करने की उनमें अद्भुत प्रतिभा है। मंत्री रुमण्वान् के द्वरा किये गए कार्यों को सुनकर वह मुक्त कंठ से उनकी प्रशंसा करता है –

'अहो महद्भारमुद्वहती रुमण्वान्'

(3) दूरदर्शी : यौगन्धरायण अपनी दूरदर्शी सोच के द्वारा ही वासवदत्ता और स्वयं के जलकर मरने की झूठी खबर फैलाकर उदयन का पद्मावती से विवाह करवा देता है। ताकि उदयन मगध नरेश की सहायता से अपना राज्य पुन: प्राप्त कर सके।

(4) स्वामिभक्त : यौगन्धरायण ऐसा स्वामिभक्त है जो अपने राजा और राज्य के कल्याण के लिए सर्वस्व त्याग करने के लिए हमेशा तैयार रहता है। वह आरम्भ से अंत तक राजा उदयन के लिए ही अनेक विपत्तियों को झेलता है।

इसी कारण उदयन भी मुक्त कंठ से उसकी प्रशंसा करते है–

' मिथ्योन्मादैश्च युद्धेश्च शास्त्रदृष्टैश्च मंत्रितै:।
भवद्यत्नै: खलु वयं मज्जमाना: समुद्धृता:।।'

(5) विचारशील : यौगन्धरायण बुद्धिमान् होने के साथ–साथ विचारवान् भी है। वह बड़ी चतुराई से व्याकुल वासवदत्ता को आश्वस्त करता है –

'चक्रार पंक्तिरिव गच्छति भाग्यपंक्ति:'

(6) राज्य–हितैषी : यौगन्धरायण अपने मन, वचन और कर्मो से हमेशा

राज्यहित को सर्वोपरि रखता है। राजा उदयन के राज्य को शत्रु के द्वारा हस्तगत करने के बाद वह योजना बनाकर वापिस राज्य को प्राप्त करने में पूरा योगदान देता है। वह राज्यहित के लिए अनेक विपत्तियों को झेलता है। यौगन्धरायण के जीवन का लक्ष्य राज्यहित ही है।

इस प्रकार यौगन्धरायण स्वामिभक्त, सुयोग्य, सच्चरित्र, राज्य-हितैषी, विचारशील, बुद्धिमान्, दूरदर्शी एवं सफल राजनीतिज्ञ है।

5. वसन्तक – वसन्तक 'स्वप्नवासवदत्तम्' नाटक का विदूषक है। महाकवि भास के अन्य नाटकों के विदूषक की अपेक्षा यह स्वभाव से अधिक गम्भीर है।

वसन्तक के चारित्रिक गुण निम्न है –

(1) हास्यप्रिय : विदूषक हास्य प्रिय होता है । वसन्तक भी इस कार्य में अत्यन्त निपुण है। लता-मण्डप में पद्मावती की दासी के द्वारा भंवरे उड़ाये जाने पर वह व्याकुलता का अभिनय करते हुए कहता है –

'दास्या पुत्रैर्मधुकरैः पीडितोऽस्मि'

समुद्र-गृह में राजा को कहानी सुनाते समय वह लोगों को हँसाने के लिए ही जान-बूझकर राजा का नाम काम्पिल्य और नगर का नाम ब्रह्मदत्ता बताता है।

(2) बुद्धिमान् : वसन्तक विनोद प्रिय होने पर भी बुद्धिमान् है। वसन्तक देश और काल का भी पारखी है। लता-मण्डप में राजा के आँसू का कारण पूछने पर वह बहाना बनाकर पद्मावती से कहता है कि कास के फूल की धूल आँखों में पड़ने से आँसू आ गए। इस प्रकार वह अपनी बुद्धिमत्ता से उत्तर देता है।

(3) स्वामिभक्त : वसन्तक हृदय से राजा उदयन के प्रति स्वामिभक्त है। वह राजा के प्रत्येक महत्तवपूर्ण कार्य में सतर्कता पूर्वक सहायता करता है। उसमें शील, सौजन्य, सहानुभूति आदि गुण विद्यमान है। उसे स्वादिष्ट भोजन बहुत प्रिय है। वह राजा उदयन के हित के लिए हर संभव प्रयास करता है।

(4) व्यवहार कुशल : महाकवि भास ने वसन्तक को एक व्यवहार कुशल विदूषक के रूप में चित्रित किया है। वासवदत्ता और पद्मावती में कौन अधिक प्रिय है, ऐसा राजा के द्वारा पूछने पर वह बड़ी चतुराई से कहता है कि यद्यपि मान्या पद्मावती दर्शनीय, क्रोध रहित एवं मधुर-भाषिणी है तथा सभी लोगों पर समान अनुराग रखती है पर वासवदत्ता में एक और महान् गुण था कि वे स्वादिष्ट भोजन लेकर मुझे ढूंढा करती थी कि आर्य वसन्तक कहाँ गए। इस प्रकार वसन्तक अपनी व्यवहार कुशलता से दोनों को ही सम्मान देता है। इस प्रकार नाटककार ने वसन्तक का अत्यन्त सजीव चित्रण किया है ।

निष्कर्ष – सारांशत: हम कह सकते है कि नाटककार भास 'स्वप्नवासवदत्तम्' नाटक के प्रमुख पात्रों के चरित्र-चित्रण में पूर्णरूप से सफल हुए है। उन्होंने पात्रों के नैतिक आदर्श तथा उदात्ता गुणों का चित्रण बखूबी किया है । उनका चरित्र-चित्रण भारतीय मर्यादा तथा आदर्शों का यथार्थ चित्रण है ।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. स्वप्नवासवदत्तम्- डॉ. जगन्नाथ पाण्डेय ।
2. स्वप्नवासवदत्तम् – सी.आर. देवधर ।
3. स्वप्नवासवदत्तम् – शंकर राम शास्त्री ।
4. स्वप्नवासवदत्तम् – टी. गणपति शास्त्री ।
5. स्वप्नवासवदत्तम् – मैथिलीशरण गुप्त ।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

सांगलिया धूणी (सीकर) के संतो का इतिहास और सामाजिक क्षेत्र में योगदान का अध्ययन

सन्दीप कुमार बाबल*

* सहायक आचार्य (इतिहास) राजकीय महाविद्यालय, आहोर (जालोर) (राज.) भारत

शोध सारांश – संतो की महिमा अपरंपार है। संत परमार्थ का कार्य करके समाज को नई दिशा देते हैं। परमार्थ का अर्थ है कि संत सज्जन व्यक्ति का पर्याय है जो कि दूसरों की भलाई के लिए अपना जीवन समर्पित कर देता है।साधु और संत अपने अलख निरंजन को प्राप्त करने के लिए साधनाएं और तपस्या करते हैं और इनसे प्राप्त शक्तियों से सामाजिक उत्थान और परोपकार का कार्य भी करते हैं।

मत्स्यपुराण के अनुसार, 'ब्राह्मण ग्रन्थ और वेदों के शब्द, ये देवताओं की निर्देशक मूर्तियां हैं, जिनके अंत: करण में इनके और ब्रह्म का संयोग बना रहता है, वह संत कहलाते हैं।

अर्द्ध ऋचौ: उक्थानाम् रूपम् पदै: आप्नोति निविद:।
प्रणवै: शस्त्राणाम् रूपम् पयसा सोम: आप्यते।[1]

अर्थात् जो संत वेदों के अर्ध वाक्यों को पूरा करता है, आंशिक वाक्यों को स्रोतों के रूप में प्राप्त करता है, जैसे शस्त्रों को चलाना जानने वाला उनका पूर्ण रूप से प्रयोग करता है ऐसे ही पूर्ण संत सत्य को समझकर सोमरस (दिव्य ज्ञान) प्राप्त करते हैं।

साधु चरित सुभ चरित कपासु। नीरस बिसद गुनमय फल जासु।
जो सही दु:ख पर परछिद्रा दुरावा। बन्दनीय जेहि जग जस पावा।।[2]

मलिक मुहम्मद जायसी भी अपने पद्मावत काव्य में ईश्वर के स्वरूप का वर्णन करते हैं

अलख अरूप अबरन सो कर्ता, वह सब सो सब ओहि सो बरता।
प्रगट गुपत सो सरब बियापी, धरमी चिन्ह चिन्ह नहीं पापी।।[3]

अर्थात् वह सृष्टिकर्ता किसी से लिखा नहीं जाता, वह रूप, रंग से रहित है। वह सब में व्यवहार कर रहा है। वह प्रकट या गुप्त सब में समाया है, केवल धर्मात्मा उसे पहचानते सकते है, पापी व्यक्ति नहीं।

शब्द कुंजी – परमार्थ, ब्रह्म, साधक, धूणी, संगत, सत्संग, सतगुरू, पीठाधीश्वर, समाधि, सतलोक, अलख।

प्रस्तावना – सांगलिया धूणी भारत के राजस्थान राज्य के सीकर जिले में स्थित गांव सांगलिया में स्थित है। सांगलिया धूणी के संतो की ख्याति जग में प्रसिद्ध हो चुकी है। इस धूणी के संतों बाबा लक्कड़दास, बाबा खींवादास, बाबा ओमदास के सामाजिक सुधारों और सांस्कृतिक जागरण ने इस स्थान को वो महता दिलवाई है जोकि कलयुग के कठिन समय में जीवन से परेशान, बीमारी से ग्रसित, तनाव से भरे हुए लोगो के लिए संजीवनी बन चुका है। यहाँ आने वाला साधक, भक्त, दु:खी, याचक, श्रद्धालु सभी को आत्मिक सुख की प्राप्ति होती है और सभी सांसारिक कष्टों से मुक्ति मिल जाती है। सांगलिया धूणी की शाखाएँ भी फैली हुई हैं जैसे अड़कसर, मावा, रूल्याणी, मुकुंदगढ़, सीकर आदि भी प्रसिद्ध है।

सांगलिया धूणी की स्थापना और इतिहास– सांगलिया ग्राम राजस्थान राज्य के सीकर जिले में स्थित है। यहां किसी वक्त सांगा बाबा आए थे इनके नाम से ही गांव का नाम सांगलिया पड़ा।अखिल भारतीय सांगलिया धूणी संपूर्ण भारतवर्ष में एक प्रसिद्ध धार्मिक और ऐतिहासिक स्थल है। ये स्थान अपनी आध्यात्मिकता और धार्मिक, सामाजिक क्रियाकलापों के लिए विश्वविख्यात है।इस स्थान की स्थापना बाबा लक्कड़दास जी महाराज ने आज से लगभग 350वर्ष पूर्व की थी। इन्होंने धूणी माता की स्थापना की और इस स्थल को अपना साधना और तपस्या का केंद्र बनाया। लक्कड़ दास जी के लिए दोहा भी प्रचलित है।

आदु धाम धन्या की दरगा, सांगलयो है गांव।
सायब एक शकल में व्यापे , लक्कड़ स्वामी नाँव।।

यहां पर साधक और भक्त अपनी आस्था और मनोकामना पूर्ति हेतु आते रहते हैं।

सांगलिया धूणी के संतो का परिचय–सांगलिया धूणी के प्रमुख प्रसिद्ध संतों का संक्षिप्त विवरण एवं परिचय निम्नलिखित है –

1. **लक्कड़दास जी महाराज –** जनश्रुतियों के अनुसार बाबा लक्कड़ दास जी महाराज ने यहां गांव सांगलिया में आज से 300वर्ष पूर्व अपनी समाधि लगाई थी। ऐसी मान्यता है कि ये फतेहपुर (सीकर) के सिकलीगर परिवार से थे। घूमते घूमते इनको पंजाब के अबोहर स्थान पर एक साधु मिले जो कई वर्षों से तपस्या में लीन थे। ये इनके सामने हाथ जोड़के खड़े हो गए और जब साधु बाबा ने आंखे खोली तो बोले कि मुझे भी कुछ देवो। तब इस बाबा ने अपनी धूणी से कुछ अग्नि उठाई और इनको देदी। इन्होंने अपनी शक्ति से

इसे ऐसे बांधा लिया जैसे कोई प्रसाद ग्रहण करता है। ये इसे सांगलिया गांव में लेकर आए और स्थापित की। जो धूणी माता के नाम से प्रसिद्ध है। ये अघोरी थे तो लोग इनसे डरते थे।अघोरी साधु गुरू और शिष्य की अवस्था को सार्वभौमिक मानते थे। उनका मानना होता है कि सभी मनुष्य जन्मजात अघोरी होते हैं।[4]अघोरी साधु देवी के सामने असाधारण करतब करते थे।[5]इनके 7 शिष्य थे जिन्होंने अलग अलग जगह जाकर लोगों की सेवा की।

2. **गुलाब दास जी महाराज –** आपका जन्म बिडौली (सीकर) में हुआ था। ये जांगिड परिवार से थे। लोगो की दंत कथा और बिठुड़ा के मेघदास जी महाराज के अनुसार ये पहले लड़की थे। फिर जब घरवाले इनकी शादी करने लगे तो ये भागकर लक्कड़दास जी के पास पहुंचे और बोले कि महाराज मुझे शादी नहीं करनी। तो लक्कड़दास जी ने इन्हें एक चादर ओढ़ा दी। जब घरवाले इन्हें ढूंढने आए तो महाराज बोले कि यहां तो गुलाबदास जरूर है, गुलाब बाई नहीं तो इनके घरवालों ने जब चादर उतारी तो सच में इनके दाढ़ी मूंछें आई हुई थी। तब से इन्होंने गुलाब दास जी के नाम से संत बन गए। फिर इनको महाराज ने सीकर भेज दिया जहां गुलाबदास जी की बगीची आज भी है।

3. **मंगलदास जी महाराज –** इनका जन्म डीडवाना जिले के फोगड़ी गांव में अमरसिंह जी और लाड़ कंवर के घर हुआ। इनकी माताजी साधुओं की सेवा में रहती थी और संगत करती थी। ये कम उम्र में ही जोधापुर दरबार की सेवा में लग गए। वहां इन्हें किसी बात पर बोल दिया कि इनकी माता जी तो साधुओं के साथ रहती है आप राजपूत हो। ये बात सुनकर इनको गुस्सा आया और ये घोड़े पर सवार होकर अपनी माता को मारने चले। जब घर पहुंचे तो देखा कि मां को तो पहले ही किसी ने मार दिया है। जब वे मुड़ने लगे तो इनकी माताजी जीवित इनके सामने खड़ी थी। तब इन्होंने अपनी माता के पैर पकड़ लिए और सांगलिया आकर भक्त बन गए।

4. **मीठारामजी महाराज –** इनका जन्म लोसल (सीकर) के पास स्थित भीराना गांव में हुआ था। ये लक्कड़दास जी के ही शिष्य थे। इन्होंने पशु और पक्षियों की विशेष सेवा की। पशु पक्षियों की सेवा को बड़ा पुण्य वाला माना गया है।

'चाल सखी सत्संग में चाला, सत्संग में सतगुरू आसी।
सतगुरु शरण होज्या दीवानी, नहीं तो परले बह ज्यासी।।'

5. **दुलादास जी –** इनका जन्म सांगलिया गांव में ही जांगिड़ परिवार में हुआ था। 20साल की उम्र में ही मिठाराम जी के शिष्य बन गए थे। इनकी सत्संग और भजनों में रुचि थी। ये बाद में पीठाधीश्वर भी बने।

6. **रामदास जी –** इनका जन्म नवलगढ़ (झुंझुनू) के सोतवारा के जोगी परिवार में हुआ था। एकबार जंगल में इन्हें एक शेर मिल गया और उसने आप पर हमला कर दिया तो आपने उसे तलवार के एक ही वार से मार दिया। आप भी सांगलिया पीठ पर सुशोभित रहे। इनकी समाधि नवलगढ़ में स्थित है।

7. **मानदास जी –** इनका जन्म मेहरौली गांव (सीकर) के राजपूत परिवार में हुए। आप बचपन से आध्यात्मिक प्रवृत्ति के थे । आपने ठाठ बाट को ठोकर मारकर साधु जीवन अपना लिया। सांगलिया आकर रामदास जी के परम शिष्य बन गए। आप पीठाधीश्वर भी बने और दीन दुखियों की सेवा की।

8. **लादू दास जी –** इनके पिताजी का जन्म डीडवाना जिले के मकराना में स्थित अमरसर गांव में हुआ। बाद में ये कुंडल की ढाणी, सीकर में रहने लगे। लादूदास जी महाराज, मानदास जी के शिष्य बन गए। बाद में ये सांगलिया धूणी के पीठाधीश्वर भी बने। इनकी बाबा खींवादास जी पर विशेष कृपा रही। आपका देवलोकगमन 6 फरवरी 1966 ई. रविवार के दिन हुआ। आपने अंग्रेजो के जमाने में प्राथमिक विद्यालय, 4कुंए और अस्पताल भी बनवाया।

9. **मौजीदास जी महाराज**

आपका जन्म डीडवाना जिले के खाखोली गांव में त्रिलोकचंद जी और दल्लू देवी की कोख से विक्रम संवत् 1958 ई. भाद्रपद शुक्ल पक्ष 13 को हुआ था। आपके बचपन का नाम हीरालाल था। बाल्यकाल में ही आपकी शादी दौलतपुरा गांव में हो गई थी।आपकी मनमौजी प्रवृत्ति के कारण मौजीदास जी आपका नाम पड़ा। बाद में वैराग्य की चरम सीमा पर उन्हें सांगलिया आकर मान दास जी के शिष्य बन गए। कहते हैं कि गुरु को योग्य शिष्य मिल जाए तो गुरु की महिमा बढ़ जाती है।गुरू के आशीर्वाद से शिष्य का यश और तेजस्वी शिष्यों से गुरू का यश बढ़ता है।[6]अपने जीवन में आपने हजारों पर्चे दिए और लोगों की सेवा की। आपने अल्प समय के लिए सांगलिया पीठ के अधिाश्वर भी रहे बाद में आपने सांगलिया के समीपवर्ती गांव अड़कसर में अपनी तपोभूमि स्थापित की।

10. **खींवा दास जी**

आपका जन्म डीडवाना जिले के लाडनूं में बिठूडा में भाद्रपद शुक्ल पूर्णिमा 1939 ई. को हुआ। ये खुमाराम और चौथी देवी की संतान थे। इनके पिताजी खुमाराम बिदावत पहले से ही सांगलिया धूणी से जुड़े थे। ये लादू दास जी को कोई प्रिय वस्तु भेंट करना चाहते थे। इन्होंने अपने पुत्र खींव को ही इन्हें समर्पित करदिया। ये ही बालक फिर बाबा खींवा दास जी बने।ये अच्छे भजन गया करते थे। ये पाखंडवाद, अंधविश्वास के विरोधी थे। इन्हें 1998ई. में अम्बेडकर राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिला। इन्होंने सांगलिया में प्रयास करके महाविद्यालय भी खुलवाया। इन्होंने गरीब लोगों की आर्थिक मदद भी की। 12 अगस्त 2001ई. को ये पुण्य आत्मा हमेशा के लिए हमें छोड़कर चली गई।

